# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 12 मार्च 2024, मंगलवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा सिकंदराबाद (तेलंगाना) में आयोजित सोशल मीडिया वालंटियर्स मीट में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**मोदी जी के 400 पार के लक्ष्य में 12 से अधिक कमल तेलंगाना से भेजने हैं**

***********************

**10 वर्षों में भाजपा ने संकल्प पत्र के अपने वादों को पूरा किया**

***********************

**CAA लाकर संविधान निर्माताओं का वादा मोदी सरकार ने पूरा किया**

***********************

**युवा सोशल मीडिया वॉरियर्स मोदी जी के एजेंडे को तेलंगाना के हर घर में पहुंचाएं**

***********************

**कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति के चलते किया राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया**

***********************

**दशकों तक अल्पसंख्यकों की बात करने वालों ने मुस्लिम महिलाओं की बात नहीं सुनी**

***********************

**मजलिस के एजेंडे पर चल रही है कांग्रेस और TRS**

***********************

**भ्रष्ट और परिवारवाद में व्यस्त दल तेलंगाना का भला नहीं कर सकते**

***********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज मंगलवार को सिकंदराबाद, तेलंगाना के इंपीरियल गार्डन में आयोजित सोशल मीडिया वालंटियर्स मीट को संबोधित किया और उनसे विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में अपना योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री किशन रेड्डी, भाजपा ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण, भाजपा आईटी सेल प्रभारी श्री अमित मालवीय, पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री एटेला राजेन्द्र और श्री प्रभाकर मंच पर उपस्थित रहे। आधुनिक भारत में सोशल मीडिया वालंटियर्स के महत्त्व को रेखांकित करते हुए श्री शाह ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला और श्री नरेन्द्र मोदी सरकार की बेमिसाल उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने नागरिकता संशोधन क़ानून से शरणार्थियों को मिलने वाले समान अधिकार और सम्मान को भी रेखांकित किया।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने **पूरे देश में नागरिक संशोधन क़ानून लागू किया है। कांग्रेस पार्टी नागरिक संशोधन अधिनियम का विरोध करती थी, आजादी के समय से कांग्रेस पार्टी और संविधान निर्माताओं का वादा था**

**कि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से जो शरणार्थी आएंगे उन्हें नागरिकता दी जाएगी।** लेकिन तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस इसका विरोध करती थी। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समाज के लोगों को नागरिकता देकर उनका सम्मान किया है। इस अधिनियम के लागू होने के बाद भारत में आए हुए शरणार्थियों को एक समान अधिकार मिलेंगे।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि अप्रैल और मई में देश में आम चुनाव होने वाले हैं और जनता, सत्ता की बागडोर किसके हाथ में होगी, इसका निर्णय लेने वाली है। जनता के इस बड़े फैसले में भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया वारियर्स महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हैं। चुनाव के इस दौर में जितना घर-घर जाकर प्रचार करने वाले कार्यकर्ता का महत्व है, उतना ही महत्व सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक संदेश पहुंचाने वाले कार्यकर्ता का है। देश की जनता ने श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय ले लिया है। श्री शाह ने सभी सोशल मीडिया वारियर्स के साथ आह्वान किया कि ये चुनाव भारतीय जनता पार्टी को तेलंगाना में 12 से अधिक सीटों पर विजयी बनाने का चुनाव है। तेलंगाना के सभी कार्यकर्ताओं का 400 पार के लक्ष्य के प्रति संकल्पित रहना ही है परंतु उन 400 में से 12 कमल तेलंगाना से दिल्ली भेजने हैं, इस लक्ष्य को भी पूरा करना है।

श्री शाह ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों में देश को राजनीतिक स्थिरता दी है। **यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आया राम - गया राम की राजनीति को समाप्त कर एकछत्र नेतृत्व के साथ पूरे 10 वर्षों तक पूर्ण बहुमत की सरकार चलाई है।** प्रधानमंत्री जी ने देश को पिछले 10 वर्षों में भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है। कांग्रेस और बीआरएस पर लाखों करोड़ों रुपए के घोटाले और भ्रष्टाचार के आरोप हैं, परंतु माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पर विपक्षी दल 25 पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप भी नहीं लगा सकते।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जनकल्याण की नीतियों वाला शासन दिया है और देश को समृद्ध तथा सुरक्षित बनाया है**। श्री शाह ने कहा कि भाजपा के शासन में आने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में 11 वें नंबर से 5 वें नंबर पर आ गई। आदरणीय **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी है कि भाजपा के तीसरी बार सत्ता में आने के बाद हम 5 वें नंबर से तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जनहित की नीतियां लागू कर के लगभग 60 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने का काम किया है।

श्री शाह ने कहा कि आज **भारत स्मार्ट डाटा उपभोग, फिनटेक के क्षेत्र में विश्व में नंबर 1, मोबाईल उत्पादन में नंबर 2 पर है, भारत तीसरा बड़ा ऑटो मार्केट है और चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर पहुँचने वाला भारत पहला देश बन गया है** जो की सिर्फ आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व के कारण संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि **2019 में घोषणा पत्र जारी करते समय विपक्ष कह रहा था कि पहले पेज पर ऐसे वादे किया गए है जिन्हें कभी पूरा नहीं किया जा सकता है**। जिसमें सबसे पहले नंबर पर भव्य राम मंदिर के निर्माण का वादा था। **कांग्रेस पार्टी 70 वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे को लटकाती रही, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपना वादा पूरा कर राम लला को भव्य राम मंदिर में विराजमान किया।** कांग्रेस ने वोट बैंक की ओछी राजनीति करते हुए राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का भी बहिष्कार किया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने 2019 के घोषणा पत्र के दूसरे वादे का जिक्र करते हुए कहा कि दूसरे वादे में कहा गया था कि कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर दी जाएगी और आज यह गर्व से कहा जा सकता है कि 70 साल से लंबित इस मुद्दे को आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को समाप्त कर दिया। तीसरा वादा था कि तीन तलाक की प्रथा को समाप्त कर दिया जाएगा। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने तीन तलाक को समाप्त कर महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा दी है।** कांग्रेस पार्टी 70 साल तक सत्ता में रही लेकिन महिलाओं के लिए कुछ नहीं कर पाई वहीं **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं को 33 % आरक्षण देकर सम्मानित और सशक्त किया है।**

श्री शाह ने कहा कि **2014 में सोशल मीडिया मीट का आयोजन इतने बड़े स्तर पर नहीं होता था,** आगरा के छोटे से हॉल में 300 लोगों की क्षमता होती थी। उस समय लोग कहते थे की फोन और इंटरनेट डाटा का रेट बहुत महंगा पड़ता है इसलिए वे सोशल मीडिया पर ज्यादा काम नहीं कर पाते। लेकिन **आज सभी साइबर योद्धाओं के हाथ में मेक इन इंडिया का फोन है और सबसे सस्ते डाटा के साथ इंडिया की सफलता की कहानी दुनियाभर तक पहुंच रही है।** यह डिजिटल क्रांति आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व के कारण ही मिली है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि तेलंगाना में 3 पार्टियों के बीच चुनाव है। **कांग्रेस, बीआरएस और मजलिस तीनों परिवारवादी पार्टियां हैं। यह दल तेलंगाना का भला नहीं कर सकते, इनका एक ही लक्ष्य है वो है अपने परिवार का भला करना।** उन्होंने कांग्रेस के घोटालों की सूची जनता के सामने पेश करते हुए कहा कि कांग्रेस शासन में कोयला ब्लॉक घोटाला, 2G, शारदा, चिटफंड, हिमाचल सेब बिक्री, आईएनएक्स मीडिया, नौकरी के बदले जमीन, जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन, अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले सहित अनेकों घोटाले हुए। कांग्रेस ने 12 लाख करोड़ का घोटाला किया और बीआरएस के भी बहुत सारे घोटाले हैं जिनकी गिनती करना भी मुश्किल है।

श्री शाह ने कांग्रेस, बीआरएस और मजलिस पर तंज कसते हुए कहा कि **यह तीनों ही पार्टियां तेलंगाना को विकसित तेलंगाना नही बना सकती क्योंकि ये केवल अपने परिवार को विकास की ओर ले जाना चाहती हैं।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में तेलंगाना का विकास तीव्र गति से हो सकता है और विकास की दिशा में काम हो सकता है। अपने संघर्षपूर्ण जीवन की शुरूआत चाय बेचने से करने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 23 वर्ष से दृढ़ निश्चय कर गरीब कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं जिसका उदाहरण यह है कि उन्होंने आज तक एक भी छुट्टी नहीं ली।** वे देश के प्रधानमंत्री बनने से पहले गुजरात के मुख्यमंत्री भी रहे है लेकिन उन पर एक भी घोटाले का आरोप नहीं लगा।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर प्रहार करते हुए कहा **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी अपने देश के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देते हैं और लेकिन दूसरी ओर राहुल गांधी अपनी छुट्टियां मनाने विदेश जाते हैं।** कांग्रेस की 10 वर्षों की सरकार ने संयुक्त आंध्र प्रदेश के लिए मात्र 2 लाख करोड़ आवंटित किए थे लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अकेले तेलंगाना के लिए 2 लाख 42 हजार करोड़ रुपए दिए हैं।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस के पास न तो पूर्व प्रदर्शन है और न ही ट्रैक रिकॉर्ड है। **जब कांग्रेस से पूछा जाता है कि 70 वर्षों तक क्यों 60 करोड़ जनता के पास बैंक अकाउंट नहीं थे, क्यों 13 करोड़ महिलाओं को गैस सिलेंडर नहीं मिले, क्यों 14 करोड़ घरों में शौचालय और पीने का पानी नहीं था और क्यों 60 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज नहीं मिलता था तो इनके पास कोई उत्तर नहीं होता** लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों में ये सभी कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी कोरोना काल में वैक्सीन का मजाक उड़ाते थे और वैक्सीन को मोदी वैक्सीन बता हुए वैक्सीन न लगवाने की बात कहते थे लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश से वैक्सीन लगवाने की अपील की परिणामस्वरूप पूरा देश कोरोना से सुरक्षित रूप में बाहर आ गया। कांग्रेस की सरकार में आए दिन पाकिस्तान से आए आतंकवादी देश में आतंकी हमला कर देते थे और मनमोहन सरकार कुछ भी नहीं करती थी। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की सेना ने पुलवामा हमले के दस दिन के अंदर ही सर्जिकल और एयरस्ट्राइक की और पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों का सफाया कर दिया।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आतंकवाद एवं नक्सलवाद को खत्म कर देश की सीमाओं को सुरक्षित किया है। इन दस वर्षों में विकसित भारत की नींव डाली गई है। कांग्रेस के पास न तो ट्रैक रिकॉर्ड है और न ही भविष्य का एजेंडा है। इसके उलट आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के पास पिछले 10 वर्षों का हिसाब भी है और आगामी 25 वर्षों का विजन भी। **यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की 130 करोड़ की जनता के साथ आह्वान किया है कि 15 अगस्त 2047 को जब देश अपनी आजादी के सौ वर्ष मनाएगा, तब भारत देश एक विश्वगुरू के रूप में स्थापित होगा। हर क्षेत्र**

**में भारत विश्व में सर्वप्रथम होगा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का लक्ष्य भारत को आत्मनिर्भर और पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाना है।** एक ओर घमंडिया गठबंधन की सभी सहयोगी पार्टियां अपने बेटे बेटियों को आगे बढ़ाने के लक्ष्य के साथ काम कर रही हैं वहीं दूसरी ओर **यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा भारत माता को विश्वगुरू बनाने के लिए समर्पित है।** उन्होंने सोशल मीडिया वारियर्स से अपील करते हुए कहा कि सभी सोशल मीडिया वारियर्स को अगले 45 दिनों तक संकल्पित रहकर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नीतियों और विजन को तेलंगाना के जन जन तक पहुंचाना है।

********************